# *Nitbusters:* स्कूल कार्यक्रम में सिर की जुओं के बारे में माता-पिता / देखभाल कर्ताओं को पत्र
## Letter to parents/carers concerning *Nitbusters: Head lice in schools program*

बच्चे का नाम ______________________ कक्षा ______________
Child's name Class

Nitbusters दिवस की तिथि ______________________
Date of Nitbusters Day

सहमति फ़ॉर्म लौटाने की तिथि ______________________
Date for return of consent form

प्रिय माता-पिता / देखभालकर्ता

Nitbusters का लक्ष्य स्कूलों, बच्चों व माता-पिताओं को सिर की जुओं व उनको कैसे हटाया जा सकता है, के बारे में शिक्षित करना है।

मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा/रही हूँ कि स्कूल में Nitbusters दिवस ऊपर दी गई तिथि पर होगा और मैं आपसे निवेदन कर रहा/रही हूँ कि आप अपने बच्चे को इसमें भाग लेने की अनुमति दें। Nitbusters दिवस वह दिन है जब माता-पिता सभी बच्चों के सिर की जुओं की जाँच व इलाज करने में मदद कर सकते हैं।

प्रत्येक बच्चे को प्रोत्साहित किया जाता है कि वह इसमें हिस्सा ले। पर कोई बच्चा इसमें हस्ताक्षर सहित सहमति फ़ॉर्म के बिना हिस्सा नहीं ले सकता और किसी भी बच्चे को हिस्सा न लेने पर कोई सज़ा नहीं दी जाएगी। माता-पिता/देखभालकर्ता या बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेने से कभी भी मना कर सकते हैं। जो बच्चे हिस्सा नहीं लेते वे जुएँ व लीखों को पहचानना व उनको कैसे हटाया जा सकता है, सीख सकते हैं।

Nitbusters दिवस पर यह निर्णय लेने के लिए कि क्या तेज़ी से संक्रमण हो रहा है या नहीं, हिस्सा लेने वाले प्रत्येक बच्चे के बालों की जाँच की जाएगी। मदद करने वाले माता-पिता जाँच व इलाज करने के लिए रबड़ या लेटेक्स के दस्ताने पहनेंगे। यदि लीखें (अंडे) या जुएँ पाई जाती हैं तो बालों में सामान्य कन्डिशनर लगाया जाएगा और बालों में को अच्छी तरह से कंघी की जाएगी। जब बालों की उलझनों को एक बड़े कंघे से सुलझा दिया जाएगा, तो जुओं के एक महीन दाँतों वाले कंघे से जुएँ व लीखें निकाली जाएँगी। इलाज के समय हर बच्चे के लिए दस्ताने बदले जाएँगे। यदि किसी बच्चे के सिर में कोई बीमारी मिलती है या घाव या सोराईसिस का प्रमाण मिलता है तो उस बच्चे की जाँच व इलाज नहीं किया जाएगा।

यह जाँच पूरी होने पर बच्चे के बालों में कंघी की जाएगी और उन्हें ठीक-ठाक किया जाएगा। कन्डिशनर को धोया नहीं जाएगा क्योंकि यह स्कूल में करना कठिन है। कन्डिशनर से बालों को कोई नुकसान नहीं होगा और बच्चा घर पहुँच कर इसे धो सकता है।

हर इलाज के बीच में सभी कंघों को साबुन व गर्म पानी से धोया जाता है, क्योंकि सिर की जुएँ 60 डिग्री सेल्सियस पर मर जाती हैं।

जाँच के बाद एक छोटा नोट घर भेजा जाएगा जिसमें आपको बताया जाएगा कि आपके बच्चे के लीखें व जुएँ या दोनों मिले या नहीं। सभी सभी माता-पिताओं को एक जानकारी पृष्ठ दिया जाएगा कि सिर की जुओं का इलाज कैसे किया जा सकता है, चाहे उनके बच्चे ने कार्यक्रम में भाग लिया हो या नहीं।

हमारे स्कूल में Nitbusters के सफल होने के लिए हर बच्चे को हिस्सा लेना चाहिए। एक छूत से भरा सिर पूरी कक्षा को छूत दे सकता है। एक महत्वपूर्ण संदेश यह है कि व्यक्ति की चाहे जो भी आयु, लिंग या पृष्ठभूमि हो उसे जुएँ हो सकती हैं। इसका इलाज समुदाय पर आधारित होना चाहिए और लगातार चलना चाहिए।

कार्यक्रम में पूरे स्कूल के समुदाय को मिल कर स्कूल में Nitbusters दिवस का समन्वय व आयोजन करने के लिए हिस्सा लेना चाहिए, जिससे सभी विद्यार्थियों के सिर की जुओं का एक साथ, एक ही समय में इलाज करने की कोशिश की जाए। स्कूल के माता-पिताओं का संगठन इस दिन का आयोजन करता है और जुओं के लिए सभी बच्चों के सिर की जाँच करने व उसका इलाज करने में मदद देने वाले लोगों को प्रदान करता है। माता-पिता / देखभालकर्ता स्वयं-सेवकों द्वारा क्रम से कक्षाओं की यह जाँच की जाती है, जो सुबह को स्कूल के सबसे छोटे बच्चों के इलाज से शुरू की जाती है। इस कार्यक्रम में इलाज के लिए कंघे व कन्डिशनर का तरीक़ा उपयोग में लाते हैं, जो कि एक सुरक्षित, बिना-रसायन का इलाज है, जिसमें सिर की जुएँ कंघे से कंघी करके निकाली जाती हैं।

यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा Nitbusters दिवस में भाग ले तो कृपया सहमति फ़ॉर्म को अंग्रेज़ी भाषा में पूरा करके, ऊपर दी गई तिथि तक लौटा दें। हर बच्चे के लिए अलग फ़ॉर्म पर आपके हस्ताक्षर होने चाहिए।

यह जानकारी NSW Health Nitbusters की वेबसाईट पर दी गई जानकारी पर आधारित है।